प्रेस विज्ञप्ति

मा0 मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना एवं मा0 मुख्यमंत्री खिलाडी प्रोत्साहन योजना के सम्बन्ध में।

मा0 मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अन्तर्गत राज्य के 08 से 14 वर्ष तक के उदीयमान खिलाड़ियों को प्रति जनपद 150–150 बालक–बालिकाओं को रू0 1500 प्रतिमाह छात्रवृति के रूप में दिये जाने जाने एवं मा0 मुख्यमंत्री खिलाडी प्रोत्साहन कार्यक्रम/योजना के अन्तर्गत राज्य के 14 से 23 वर्ष तक के चयनित खिलाड़ियों को प्रति जनपद 100–100 बालक–बालिकाओं को रू0 2000 प्रतिमाह छात्रवृति के रूप में एवं उपकरण क्रय करने हेतु रू0 10000 प्रतिवर्ष दिये जाने हेतु विभिन्न स्तरों में चयन ट्रायल्स आयोजित कर खिलाड़ियों को चयनित करने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर, चयन ट्रॅायल्स आयोजन स्थल एवं तिथियों का निर्धारण जनपद स्तर से किया जायेगा। मा० मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाडी उन्नयन योजना एवं मा0 मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना में प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाडियों का पंजीकरण/आवेदन **Khelouk-in** पोर्टल पर किया जाना है।

मा0 मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना एवं मुख्यमंत्री खिलाडी प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत विभिन्न स्तरों में किये जाने वाले चयन ट्रायल्स के प्रारम्भ करने की तिथियों का विवरण निम्न तालिकानुसार है:–

(1) मा0 मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अन्तर्गत विभिन्न स्तरों में किये जाने वाले चयन ट्रायल्स के प्रारम्भ करने की तिथियों का विवरण:–

1	न्याय पंचायत/नगर पंचायत/वार्ड स्तरीय चयन ट्रायल्स	14 जुलाई, 2026 से प्रारम्भ
2	नगर निगम/नगर पालिका/विकास खण्ड स्तरीय चयन ट्रायल्स	22 जुलाई, 2026 से प्रारम्भ
3	जनपद स्तरीय चयन ट्रायल्स	28 जुलाई, 2026 से प्रारम्भ
4	अंतिम चयन सूचियों का जनपद स्तर पर प्रकाशन	03 अगस्त, 2026

(2) मा0 मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत विभिन्न स्तरों में किये जाने वाले चयन ट्रायल्स के प्रारम्भ करने की तिथियों का विवरण:–

1	विकास खण्ड/नगर निगम/नगर पालिका स्तरीय चयन प्रक्रियॉ (मा0 मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना 14 से 23 आयु वर्ग)	01 अगस्त, 2026 से प्रारम्भ
2	न्याय पंचायत या नगर निगम/नगर पालिका वार्ड समूह स्तरीय चयन प्रक्रिया (मा0 मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना 14 से 23 आयु वर्ग)	08 अगस्त, 2026 से प्रारम्भ
3	जनपद स्तरीय चयन प्रक्रिया	16 अगस्त, 2026 से प्रारम्भ
4	अंतिम चयन सूचियों का जनपद स्तर पर प्रकाशन	20 अगस्त, 2026

(दीप्ति सिंह)
IAS
निदेशक खेल

खेल निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून।

संख्या / उदी0/प्रो0खि0पत्रा0/2026–27/दे0दून/ दिनांक जुलाई, 2026

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(1) निजी सचिव माननीय खेल मंत्री जी उत्तराखण्ड सरकार को, मा0 खेल मंत्री जी उत्तराखण्ड सरकार के संज्ञानार्थ सादर प्रेषित।

(2) निजि सचिव विशेष प्रमुख सचिव खेल महोदय उत्तराखण्ड शासन को विशेष प्रमुख सचिव खेल महोदय उत्तराखण्ड शासन द्वारा दिये गये निर्देश के कम में के सूचनार्थ सादर प्रेषित।

(3) समस्त जिला कीडाधिकारी उत्तराखण्ड को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(4) सम्पादक अमर उजाला/दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान /राष्ट्रीय सहारा आदि को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को शासकीय दरों पर न्यूनतम स्थान पर अपने लोकप्रिय एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कर सम्बन्धी देयकों को जिला सूचनाधिकारी देहरादून से प्रमाणित कराकर खेल निदेशालय को 02 प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

निदेशक खेल

CamScanner